**Title:** Further discussion on the Special Protection Group (Amendment) Bill, 1999. Moved by Shri L.K. Advani on the 8th December, 1999. Bill Passed.

14.52 hrs

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): Mr. Chairman, Sir, yesterday, when I was required to terminate my remarks, I had drawn attention to the provisions relating to advance security liaison which constitute the heart of the very different kind of security which the SPG provides. I had just ended describing the nature of this advance security liaison when I was required to terminate my remarks. Therefore, I would like to resume my speech at that point.

The hon. Minister of Home Affairs would recall that yesterday I had drawn particular attention to the speech made by the Minister moving the Bill on the 10th of May, 1988 and his reply on the 11th of May, 1988. I would take the liberty of specifically drawing the attention of the hon. Minister to two important statements made by the Minister on those two days. Each of those is not more than a sentence. So, I seek the indulgence of the House to quote what Shri P. Chidambaram said on the 10th of May. You will find it in column 450 of the record of the proceedings of the House. He said:

"in discharge of its duties and responsibilities the Group (that is, the SPG) carries out advance security liaison at places to be visited by the Prime Minister and for this purpose it is equipped with a Technical Wing having a wide-range of technical equipment and gadgets."

This is what distinguishes the SPG from other forms of security that are provided. He went on to say the following day that it was important to pay attention to clause 14 of what was then the SPG Bill and is now the SPG Act, which provides:

"Every Indian Mission, every local or other authority, every civil or military authority, to go in aid of the Director of the Group"

In other words, every single authority, where the Prime Minister is scheduled to visit, whether it is in India or abroad, is required to give priority attention to these security requirements.

This is not available for any other form of security in the country. It is unique to the SPG form of security. Then again, after he ceased to be the Minister in charge, when he was not in the Government, Shri P.Chidambaram, intervening in a debate on a motion under Rule 193 which I had, in fact, moved, said something which I think bears repetition in this House once again. This was on the 13th May 1993, reported in columns 418 to 419 where Shri Chidambaram said:

"Sir, there was no officer, no police officer in the whole of India who was feared more for the authority he wielded than an officer whom we designated as AD (Functions)... he had the authority to overrule anyone in India, including the Chief Minister of a State."

That is the kind of authority that is vested in the SPG to undertake the security work of a Prime Minister. That kind of security cannot be assured by anybody except the SPG. That is really the point which I am repeatedly underlining particularly because of my apprehension that the remarks which the Home Minister made with respect to other forms of security while talking about the SPG might - by mistake, and I certainly know that it is not his intention - be taken to apply to this particular form of security.

The same point was reiterated by Shri P.Chidambaram in his deposition before the Jain Commission which took place on the 6th November 1996 where at page 5 of his deposition, Shri Chidambaram repeated that they, that is, the SPG, had overriding powers to overrule other security agencies. This too is not available to other. So, in all these terms - in terms of the kind of selection that is made so rigorously, in terms of the special training that is provided to them, in terms of the technical equipment and gadgets made available to them, in terms of the power vested in them to make arrangements for advance security liaison and in terms of the power given to them to override not only any local official or police official, however senior that police official might be for other purposes, but going so far as to be able to override a Chief Minister in determining what is the security requirement at a particular place to be visited - the SPG was endowed with the power to overrule any other security agencies that might have a different view about how security is to be handled.

It was this new concept that was brought into security for the Prime Minister and his immediate family when the SPG was first formed in 1985 and subsequently given Statutory status in 1988. Unfortunately one of the most important requisites in this regard was ignored in 1988, which is what happens when a Prime Minister who has SPG cover ceases to be the Prime Minister. It is a matter of regret that it was neglected at that time because if not in this House, but certainly in the other House, that is, the Rajya Sabha, the then TDP Member, Shri P. Upendra, who is now with us in the Congress Party, had specifically asked a question in this regard and it was not answered. So, when he went before the Jain Commission in 1996, in his deposition before the Jain Commission on the 21st November 1996, at page 1 of the record, Shri P.Chidambaram stated:

"I did not undertake any exercise to anticipate a situation when Rajiv Gandhi may lose elections and demit the Office."

In consequence of this negligence on our part in not anticipating a situation where the Prime Minister would cease to be the Prime Minister and making adequate provision for that, while the Prime Minister was still in office, we entered a situation, effective early December 1989, when Rajiv Gandhi ceased to be the Prime Minister of India, but the threat that he faced did not cease and which, in fact, according to the Verma Commission, increased.

15.00 hrs.

In that situation the now Prime Minister took a decision to temporarily continue SPG cover for the former Prime Minister even though this was not mandated under the law and could be construed as contravention of the law. In doing this, certain adjustments had to be made. And in particular, I would draw the attention of the hon. Home Minister to the note prepared by the Cabinet Secretary at that time, Shri T.N. Seshan, on the 14th December, 1989 for the use of the Prime Minister"s Office which is part of the records of the Jain

Commission. If I marry these two sentences together, one of which is in para 7 (v) of the note and the other in 9 (v) of the note, it reads like this:

"For domestic tours of the Prime Minister, officers of the SPG and IB conduct joint advance security liaison along with officers of the State Police to go into and finalise security arrangements... Therefore, for the time being, officers of the IB and SPG will carry out advance security liaison."

Tragically, as it turned out to be, the alternative security arrangement that was put in place for this ex-Prime Minister at the beginning of February, 1990 on the withdrawal of SPG made no provision whatsoever for advance security liaison. Yet, without advance security liaison, the kind of security for the ex-Prime Minister on tour which was necessary for him to meet not just the previous threat perception but the enhanced threat perception was so poor that the inevitable happened. And because the inevitable happened, Mr. Chairman, I would seek your indulgence to quote myself. I said here in this House on the 13th of May, 1993:-

"The Sriperumbudur incident would never, never have happened had the SPG been detailed for Rajivji''s security on the 21st May, 1991. Advance liaison by the SPG would never, never, never have permitted inadequate barricading, inadequate lighting, crowding at or near the rostrum, the collapse of access control which have been listed in the Verma Commission of Inquiry Report as among the contributory causes to the assassination."

I have to repeat this again here today. I am deeply grateful to the hon. Home Minister for recognizing the special quality of SPG security as against any other form of security. He has brought this amendment which will have the effect of continuing SPG cover for ex-Prime Ministers and their families for as long as it is required. The great difference between the amended SPG Act of 1991 and this is that the provision of SPG security was made ex-officio at that time. Merely by virtue of having been the Prime Minister or a member of the Prime Minister''s family, SPG cover was automatically, blindly and mechanistically extended. Now, there are two provisos to sub-section (1) of the Act it would be introduced in section (4) of the Principal Act, which say that in deciding whether or not to extend such SPG cover on at least on a yearly basis, for no more than twelve months can lapse between two threat perception assessments, the agencies concerned will weigh the nature of the threat and determine whether SPG protection should or should not continue.

In other words, the Government through this legislation is casting upon itself a statutory duty to examine with all seriousness whether there is or is not a threat perception that warrants the provision of such security cover. Had such a provision existed in the original 1988 Act, perhaps we would not have got that disastrous decision of January-February, 1990 which led to the tragedy at Sriperambadur. It is certainly not a tregedy which we would wish to see repeated ever again, for nothing destablises a democracy as badly as does the politics of murder. We have to preserve ourselves even if we do not wish to preserve our differences. Democracy rests on the assumption that those who are elected to positions of high office will be able to take those ... (Interruptions) I am sorry, Sir. I plead with you to give me a few more minutes.

MR. CHAIRMAN : Only one hour was allotted to this item. There are a number of speakers.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : I will just take a few minutes more, Sir. You will appreciate that I do need a few minutes more. We are talking about the lives of important people.

These two provisos, however, apply only to Section 1. I am not sure why they do not apply to Section 1(A) as well. In my view, it is not necessary to oppose the Bill on this ground at this stage. In my view the provisos of Section 1 should be brought in pari passu in Section 1(A) as well. Indeed, because the Home Minister has raised in his presentation other forms of security, I would plead with him that these provisions be taken into the general statutory provisions relating to the provision of security. For, at the moment, the decision to perform any kind of security duty is a purely executive decision which has to be taken by a political authority who is necessarily subject to political pressures of the kind to which the hon. Home Minister drew our attention yesterday. As a result of these unwarranted political pressures, the number of people enjoying security in different categories has gone completely out of hand and it is being looked upon not only as a status symbol but also as a way of garnering personal comforts such as a place of residence. If, however, there were a statutory requirement applying to all forms of security which are going to be used for this special type of security then the decision as to whether or not security is at all to be provided, and if so, what category, would be taken out of the strictly executive, and, therefore, political realm and brought into a larger technical realm, because one can assume that the intelligence agencies and security agencies responsible for making such a threat perception would then in their assessment give the reasons for which they have arrived at their conclusions. Therefore, it would greatly ease the problems of the Home Minister if he were to put all forms of security into the kinds of provisions that have been provided for in the provisos to Section 1 of the Bill before us just now.

I would just go one step further and with that I conclude my remarks. We have in the National Security Advisory Board, experts on the question of national security who are advising the Government without being either civil servants or politicians. They are there because their expertise outlives their retirement. So, we have a number of former Foreign Secretaries, former RAW Chiefs, former Defence personnel who are serving the Government in advisory and, honorary capacities in the National Security Board. If in a similar way, people like Shri M.K. Narayanan, the former IB Chief, were to be inducted into the processes that make these threat perceptions, perhaps the degree of expertise would go higher and such persons being ex-civil servants would not be subject in quite the same way as civil servants, however, good they are, to political pressures.

This would perhaps make the whole process even more transparent. Since it is the Home Minister''s own Government that has taken the initiative in bringing former Government experts in as independent experts subsequent to their retirement in the national security field, perhaps he could consider doing this too for assessing threat perceptions.

I have taken Shri M.K. Narayanan''s name deliberately because while everything else that the Home Minister said yesterday was a cause of some comfort and even rejoicing, his reference to the NSG was, I submit, most unfortunate at the present juncture. It is absolutely true that the NSG was formed for meeting terrorist threats in terrorist affected areas and that their use for personal security does diminish the totality of the force to fight terrorism that is required in terrorist-infested areas. But when he singles out the NSG, we have -- as we heard in the reaction from the AIADMK -a specific example of a former Chief Minister who is under intense threat and

will be under increasing threat if the LTTE continues its military victories in Sri Lanka. Now if you want to withdraw NSG cover from her on the noble principle that NSG is supposed to be for terrorist infested areas and not for personal security, then you will have to devise an equivalent personal security force before you take that decision.

I say this with deep sadness in my heart because the Verma Commission reports says that on the 20th of May, 24 hours before Rajiv Gandhi was assassinated, Shri M.K. Narayanan who had been reinstated as the Director of the Intelligence Bureau, was making "frantie" efforts to somehow contact the Government of the time to tell them that the threat to Rajiv Gandhi had reached such enormous proportions that we must supply NSG cover for Rajiv Gandhi, adding "even if he refuses to have such cover". There are political situations that can be created and they were created, by those who largely constitute the NDA today, who so trivialised and so politicized the security of the Prime Minister that it became politically expedient for that ex-Prime Minister in his attempt to once again come to political office to shed security at a rate which was inadvisable. Therefore, as your Bill provides that former Prime Ministers can ask that security be withdrawn from them at will, please recognise that there might be circumstances in which it is not out of their own volition but out of political circumstances that they may ask for such withdrawal leading to terrible tragedies with terrible consequences. Therefore, your provisos in Section 1 should also perhaps apply to situations where a demand for withdrawing security is made. If the security perception continues to be high, perhaps such requests should be turned down in the national interest.

Having said so, Sir, may I just repeat that I support this Bill and trust that the House will pass it unanimously?

">

**श्री विजय गोयल (चांदनी चौक) : महोदय, आज हम स्पेशल प्रोटैक्शन ग्रुप संशोधन विधेयक पर विचार कर रहे हैं। मैं गृह मंत्री जी को बधाई देता हूं, न केवल इस संशोधन को लाने के लिए, बल्कि इसके लिए कि वे पूरे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर विचार कर रहे हैं। वे वी.आई.पीज़. की उस सिक्योरिटी पर विचार कर रहे हैं, जिस पर लाखों करोड़ों रुपये खर्च होते हैं और जो सिक्योरिटी जनता की आंखों में चुभती है। मैं गृह मंत्री जी को बधाई देता हूं, जिन्होंने अपने आंकड़ों में बताया कि १९९८ में जहां ११८ आफिशियल्स को सिक्योरिटी मिलती थी, उसको कम डाउन करके वे ३३ तक लाये हैं। आज मैं ही नहीं, सारा सदन उनकी प्रशंसा करेगा, इस बात के लिए कि कम से कम जनता की भावनाओं को समझते हुए जो सिक्योरिटी जनता की आंखों में चुभती है, उनके रास्ते में रोड़ा होती है, उसके ऊपर आज वे विचार कर रहे हैं। उन्होंने पूरे सदन के सामने एक विचार रखा है कि अगर सदन सहमत हो तो इसके ऊपर कोई न कोई और अगला कदम उठाया जा सकता है कि क्या सिक्योरिटी पर ही, क्या सुरक्षा पर और खास तौर पर वी.आई.पी. सुरक्षा पर इतने रुपये व्यय करना जरूरी है?**

">

**">१९९१ से भूतपूर्व प्रधानमंत्रियों को सिक्योरिटी दी गई। पहले यह व्यवस्था पांच साल के लिए थी, फिर १९९५ में इसे बढ़ाकर दस साल तक कर दिया गया। अब १९९९ में इसमें यह व्यवस्था की जा रही है कि अगर दस साल से ज्यादा भी जरूरत हो तो सरकार उस पर विचार कर सकती है। जैसे-जैसे हम सुरक्षा बढ़ा रहे हैं, वैसे-वैसे हम समझ सकते हैं कि देश की हालत सुधार की तरफ नहीं होगी, खराब की तरफ होगी कि हमें अधिक से अधिक सुरक्षा बढ़ानी पड़ रही है। जैसे आई.टी.ओ. में पुलिस मुख्यालय की मंजिलें बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे अपराध भी बढ़ रहे होंगे, क्योंकि सोसाइटी में इसका चलन आ रहा है। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं कि पूर्व प्रधानमंत्रियों को कवच दो, पर वह स्टेटस सिम्बल बन जाए, इसके ऊपर कम से कम सरकार को विचार करना होगा। आज यह स्टेटस सिम्बल बना हुआ है। हमारे देश में पांच भूतपूर्व प्रधान मंत्री हैं। मैं समझता हूं कम से कम यह जरूर जाना जाए कि किसको वास्तव में सुरक्षा की आवश्यकता है और किसको नहीं है। मैं मणि शंकर जी की बात से सहमत नहीं हूं कि ऐसा कम्पलशन हो सकता है कि व्यक्ति मना कर देगा अपनी सुरक्षा कराने के लिए इसलिए उनको सुरक्षा जरूर दी जानी चाहिए। हमारे बीच चन्द्रशेखर जी हैं, जो मास के लीडर हैं। मैं नहीं समझता कि उनको किसी से कोई खतरा है। उन्होंने पूरे देश का दौरा किया है। इसी तरह से गुजराल साहब हैं, जिनके सीमा पार पाकिस्तान तक सम्बन्ध हैं। मैं नहीं समझता कि उनको कोई विशेष खतरा है। यह मेरी अपनी जानकारी के अनुसार है। इसी तरह से देवेगौड़ा जी हैं, जो कि हम्बल फारमर रहे हैं, मैं नहीं समझता कि उनको भी किसी किस्म का कोई खतरा है। इसलिए कम से कम सरकार को और गृह मंत्री जी को इस पर जरूर विचार करना चाहिए कि यदि कोई पूर्व प्रधान मंत्री स्वयं समझता है कि उसे सुरक्षा न दी जाए और उन्हें उतनी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है तो इस पर विचार करना चाहिए।**

">

**हमारी दिल्ली में दो-तीन लोग ऐसे हैं जिनको एन.एस.जी. मिली हुई है। मैं पिछली बार संसद की गृह मंत्रालय की स्थाई समिति में सदस्य था। मुझे पता चला कि एक व्यक्ति की सुरक्षा पर एक साल में ८० लाख रुपए से लेकर एक करोड़ रुपए खर्च होते हैं। हम कल्पना कर सकते हैं जैसा गृह मंत्री जी ने कहा कि शायद पूरे देश में ३८५ लोगों को अलग-अलग सिक्योरिटी मिली हुई है, उस पर कितना खर्च होता होगा। मुझे मालूम नहीं है कि एस.पी.जी. के ऊपर कितना खर्च हो रहा है, लेकिन इस पर विचार किया जाना चाहिए।**

**मुझे यह भी जानकारी नहीं कि इमीजेट फैमिली का क्या मतलब है और इसमें कौन-कौन से परिवार आते हैं। क्या शास्त्री जी का परिवार और मेनका जी भी इमीजेट फैमिली के सदस्य होकर एस.पी.जी. के अधिकारी रहेंगे या नहीं रहेंगे, यह भी सरकार स्पष्ट करे। मुझे याद है कि दो पूर्व प्रधानमंत्रियों देवेगौड़ा जी और वी.पी. सिंह जी ने मना किया था कि उनको इस प्रकार की सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है, तो गृह मंत्री जी को इस पर भी विचार करना चाहिए। उससे पहले पूर्व के प्रधानमंत्रियों को भी स्वयं इस बात का आदर्श और विचार रखना चाहिए कि सुरक्षा की उनको आवश्यकता है या नहीं, इससे पहले कि सरकार उसके ऊपर कोई कदम उठाए, यह भी मेरे हिसाब से होना चाहिए।**

**दिल्ली और अन्य जगह पर एन.एस.जी. लोगों को मिली हुई है। एक-एक व्यक्ति जब कमांडोज़ लेकर चलता है तो मैं देखता हूं हमारे दिल्ली के एक नेता थे जो विवाह में जब जाते थे तो अपने कमांडोज को बाहर खड़ा कर देते थे, ताकि जनता को परेशानी न हो और उनको गालियां न दे। उस समय सुरक्षा कहां चली जाती थी। क्या हमने कभी इन लोगों को यह कहा है कि आप अपने फंक्शंस कम करो, शादियां कम अटेंड करो या कुछ दूसरी चीजें कम करें? जब सिक्योरिटी अंदर आ जाती है तब सुरक्षा का इंतजाम कैसे होता है इसलिए ये सब ऐसे पहलू हैं जिन पर विचार करना होगा। हमारे यहां वी.आई.पी. की सुरक्षा लगातार स्टेटस सिम्बल बनती चली जा रही है। चाहे एस.पी.जी. की हो या दूसरी कोई सिक्योरिटी हो। गृह मंत्री जी ने अपने बयान में कहा कि उनके पास लगातार इस बात के प्रतिवेदन आते हैं कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए और अगर नहीं बढ़ा सकते तो यही कर दिया जाए कि हम जेड केटेगरी में आ जाएं, ताकि हमें सरकारी मकान मिल जाए। मेरी समझ में नहीं आता कि जो उनका अपना मकान है, क्या एन.एस.जी. या दूसरी सिक्योरिटी उसको प्रोटेक्ट नहीं कर सकती, केवल सरकारी आवास ही कैसे प्रोटेक्ट किया जा सकता है। कम से कम जेड केटेगरी के जो मकान आबंटित किए जा रहे हैं उनको समाप्त किया जाना चाहिए।**

**हम लोग जब दूरदर्शन पर अमेरिका, फ्रांस और जापान आदि देशों के बारे में देखते हैं तो हमें वहां विजिबल सिक्योरिटी नजर नहीं आती। गृह मंत्री जी बतायें कि वहां किस तरह की सिक्योरिटी होती है जो दिखाई नहीं देती, उसका ढांचा कैसा है। क्या वहां पर भी वी.आई.पी. सिक्योरिटी पर इतना खर्च हो रहा है जितना हमारे देश में हो रहा है?**

**इस सारे खर्च के आंकड़े क्या हैं? एक बात यह भी है कि हमारी देश में सिक्योरिटी चमकती है और दूसरे देशों में सिक्योरिटी नजर नहीं आती है। दिल्ली के आंकड़ों को देखेंगे, तो १३ प्रतिशत से ज्यादा लोग**

VIP

**सिक्योरिटी में लगे हुए हैं। पिछले दिनों पुलिस कमिश्नर ने एक मीटिंग के दौरान बताया कि थाने के अन्दर लोग नहीं है, अपराध रोकने के लिए लोग नहीं है, किन्तु**

VIP

की सिक्योरिटी के लिए १०-१३ प्रतिशत लोग लगे हुए हैं। इसलिए मैं आदरणीय गृह मंत्री से कहूंगा कि वे इस पर विचार करें। इसके साथ ही इसपर जितना धन खर्च हो रहा है, इसको देखते हुए क्या आगे आने वाले दिनों में सुरक्षा कर सकेंगे।

महोदय, विधेयक के पेज-२ पर सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं। क्लाज-२ में लिखा है -

"(i) the Prime Minister and the members of his immediate family; and

(ii) any former Prime Minister or to the members of his immediate family..."

मुझे लगता है, शायद ठ

or"

की जगह ठ

and"

रखा है, अगर यह गलती से रखा गया है, तो इस बारे में वे बतायें। राज्य सभा में मंत्री जी ने जो ब्यान दिया है, पेज ११०८ पर, उसमें ठ

or"

शब्द शामिल किया है। मुझे लगता है, पूर्व प्रधान मंत्री या उनके घर वालों को दस साल के लिए सुविधा दी जाएगी। इसलिए मंत्री जी ध्यान दें,

`or"

को ठ

and"

इस्तेमाल हो सकता है, तो ठ

and"

किया जाना चाहिए।

इन शब्दों के साथ, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि विचार इस बात पर भी होना चाहिए, सुरक्षा व्यवस्था पर जो देश का हजारों-करोड़ो-अरबों रुपया अतिविशिष्ट व्यक्तियों पर खर्च हो रहा है, वह कहां तक जायज है।

">

कुमारी मायावती (अकबरपुर) : सभापति महोदय,

">

">SPG

">एक्ट १९८८ में प्रधान मंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार को सुरक्षा देने के लिए बना था। इस एक्ट में संशोधन करने के लिए कल माननीय गृह मंत्री जी ने विधेयक सदन में प्रस्तुत किया है। मैं इस विधेयक का समर्थन करती हूं।

">

">कल माननीय गृह मंत्री जी ने इस विधेयक को प्रस्तुत करते हुए अन्य सुरक्षा के बारे में खास तौर से

">

">NSG

">के बारे में अपने कुछ सुझाव रखे थे। उन सुझावों के ऊपर मैं अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करना चाहती हूं। कल माननीय मंत्री जी ने कहा था, जो

">

">NSG VIP"s

">को दी जा रही है, उसका गठन खास मकसद के लिए हुआ था और उस पर आपने प्रकाश डालते हुए कहा था कि देश में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए

">

">NSG

">का गठन हुआ था, लेकिन इस गतिविधियों के ऊपर

">

">NSG

">का इस्तेमाल करने के बजाए

">

">VIP"s

">की सुरक्षा के ऊपर इस्तेमाल हो रहा है।

">

">इसलिए एनएसजी को यदि वीआईपी की सुरक्षा से हटाकर देश की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाए तो अच्छा है। यह मेरा सुझाव है और यह सुझाव आपने कल दिया था। इसके बारे में मैं एक-तो बातें कहना चाहूंगी।

">

">यदि एनएसजी का कुछ वीआईपीज द्वारा प्रतिष्ठा के तौर पर या बंगला लेने के लिए इस्तेमाल किया जाता है तो माननीय गृह मंत्री जी ऐसे केसेज में जांच करवा कर उनकी सुरक्षा से एनएसजी को हटा सकते हैं। लेकिन ऐसे राजनीतिज्ञ जिनको वास्तव में उग्रवादियों से खतरा है उनकी सुरक्षा से एनएसजी को हटाकर दूसरी फोर्स द्वारा उनकी सुरक्षा उतनी तेज और तीव्रता से नहीं होगी जितना कि एनएसजी द्वारा। इसलिए इस बात की भी आपको छानबीन करनी होगी कि किन राजनीतिज्ञों को उग्रवादियों से खतरा है और उनको एनएसजी की जरूरत है। उदाहरणार्थ, मुझे दो जून १९९५ से पहले एनएसजी की जरूरत नहीं थी। लेकिन उस दिन मैं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गैस्ट-हाउस में ठहरी हुई थी। जिस पार्टी की उस समय समय सरकार थी उसने लोकल पुलिस की देखरेख में असामाजिक तत्वों का इस्तेमाल करके मेरे ऊपर हमला करवाया, जिसके जीते-जागते गवाह आपकी पार्टी के उत्तर प्रदेश के नेता हैं। उस समय उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री मोतीलाल वोहरा थे। उन्होंने अपने अधिकारियों को भेजकर सारी बातों की छानबीन कराई थी। उस समय केन्द्र को दखल देना पड़ा था। अगर लोकल पुलिस के ऊपर मेरी सुरक्षा का दायित्व छोड़ दिया जाता, तो मेरी हत्या जरूर हो जाती।

">

">माननीय कांशी राम जी तो उस समय बीमार हालत में इंटेंसिव केयर यूनिट में थे। उसी दिन रात को प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी से बात करके सीआरपीएफ को वहां लगाया गया, तब जाकर मेरी जान बची। उसके बाद काफी धमकियां आती रहीं। दो जून की घटना के बाद आपने मुझे एनएसजी दी। वर्ष १९९५ के बाद से मेरे पास एनएसजी रही। उसके बाद १९९६ में एसेम्बली का इलेक्शन हुआ और उसके बाद उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की मिलीजुली सरकार बनी और वह ६ महीने चली। जब हमने सत्ता ट्रांसफर की तो उसके कुछ समय बाद हमें लगा कि बहुजन समाज का हित अब सुरक्षित नहीं है।

">

">१९ अक्तूबर १९९७ को जब समर्थन वापस लिया और २१ अक्तूबर १९९९ को विधान सभा में विश्वासमत प्रस्ताव पेश किया गया, मैं उस समय की घटना बताना चाहती हूं। उस समय उत्तरप्रदेश विधान सभा में हिंसा की वारदात हुई। मैं मुश्किल से अपनी जान बचा पाई। हिंसा की वारदात के समय मैं लॉबी की तरफ भागी। लॉबी का एक दरवाजा अन्दर की तरफ और दूसरा बाहर की तरफ जाता था। जब मैं बाहर की तरफ भागी तो बाहर का दरवाजा बंद कर दिया गया। माइक मेरी तरफ उठा कर फेंके गए। लॉबी के दरवाजे टूट गए और मैं मुसीबत में फंस गई। लोकल पुलिस विधान सभा में थी। लोकल पुलिस ने विधान सभा के स्पीकर से इसकी परमिशन ली थी। लोकल पुलिस सादी वर्दी में वहां मौजूद थी। उन्होंने मेरी सुरक्षा नहीं की। मेरे पी.एस.ओ. ने एन.एस.जी. को सूचित किया। बाहर वाला दरवाजा अन्दर से बंद था। एन.एस.जी. ने लॉबी का दरवाजा तोड़ा और मुझे बचा कर ले गए। एन.एस.जी. ने इसकी सूचना हैड क्वार्डर में दी। किसी को भी एन.एस.जी. को राजनीतिक बदले की भा वना से नहीं हटाना चाहिए।

">

">माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी जब पहली बार प्रधान मंत्री बने तो वह लखनऊ गए। लखनऊ में उनको स्वागत के लिए बुलाया गया था। मेरे पास जो बुलेट प्रूफ गाड़ी थी लेकिन वहां की सरकार ने यह कह कर वापस ले लीं कि वह गाड़ी दो दिन के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी के लिए चाहिए। वह इसके बाद वापस कर दी जाएगी। मेरे से वह गाड़ी वापस ले ली गई। वह गाड़ी आज तक वापस नहीं की गई है। मुझे पर्सनल सिक्योरिटी का जो स्टाफ उत्तर प्रदेश से मिला था उसमें शेडयूल्ड कास्टस, बैकवर्ड क्लास और माइनॉरिटी कम्युनिटीज के लोग थे। उनको छांट-छांट कर हटा दिया गया और उनके स्थान पर अपर कास्ट के लोगों को लगा दिया गया। इस मामले को इसी सदन में आरिफ मोहम्मद खां जो मैम्बर पार्लियमैंट थे, उठाया। हमने गृह मंत्री को चिट्ठी भी लिखी। मैं गृह मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने इसमें दखल देकर जातिगत भावनाओं से किए गए तबादलों को रोका। कहने का तात्पर्य यह है कि वी.आई.पीज. को जो एन.एस.जी. प्रोवाइड की जाती है, अगर वह किसी की प्रतिष्ठा को देखते हुए दी जाती है तो उसे हटाया जा सकता है लेकिन जिस की जान को खतरा है, यदि उसके यहां से एन.एस.जी. हटाएंगे तो ठीक नहीं होगा। १३वीं लोक सभा के इलैक्शन के लिए जब नोटिफिकेशन जारी हुआ तो सहारनपुर में आई.एस.आई. के लोग पकड़े गये और मारे गए। उनके यहां से जो दस्तावेज मिले उसकी आप रिपोर्ट मंगा कर देख सकते हैं। उसमें उत्तर प्रदेश के दो-तीन पॉलिटिशियन्स के नाम हिट लिस्ट में थे। वे उनको मारने की नीयत से आए थे। बी.एस.पी. में मेरा नाम हिस्ट लिस्ट में था। मेरी सुरक्षा के मामले में उत्तर प्रदेश की सरकार काफी निष्क्रिय थी। जब आई.एस.आई. के लोग मारे गए और उनके यहां से जो कागजात बरामद हुए तो उन्हें लगा कि मेरा नाम हिट लिस्ट में है।

">

">उसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने मेरी सिक्यूरिटी टाईट की। इसलिये मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि मैंने नहीं चाहा कि एन.एस.जी. किसी प्रतिष्ठा को लेकर लगाई जाये, किसी वी.आई.पी. के साथ या जगह लेने के लिये लगाई जाये। जिन वी.आई.पी. के लिये एन.एस.जी. जरूरी है, उसे जरूर दी जाये। इसका कारण यह है कि अएक तरफ असामाजिक तत्व हैं, जो मेरा जान के पीछे पड़े हुये हैं और दूसरी ओर राजनैकित द्वेष की भावना है। मेरे सामने २ जून, १९९५ की घटना है जब मुझपर जानलेवा हमला किया गया था। अभी १३वीं लोकसभा के चुनाव के समय पश्चिमी उत्तर प्रदेश से

">

">ISI

">लोगो के पास से ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिसमें मेरी हत्या का षडयंत्र किया गया था। इतना ही नहीं, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि जब भी मैंने लोकसभा में व्यवस्था परिवर्तन के बारे में आवाज उठायी, मनुवादी प्रवृत्ति के बारे में बोला या बाहर किसी रैली में बोला तो मैने यह महसूस किया है कि उसके तुरंत बाद मेरे पास बिना नाम । के टेलीफोन आते हैं कि आप ०.यवस्था परिवर्तन के खिलाफ बोलती हो, इसलिये हम आपको कभी भी मार सकते हैं। इस किस्म के धमकीभरे टेलीफोन मेरे पास आते हैं जब भी मैं व्यवस्था परिवर्तन के बारे में लोकसभा या बाहर बोलती हूं। ऐसे फोन उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली से भी आते हैं। मेरी माननीय गृहमंत्री जी से प्रार्थना है कि राजनैतिक लोगों के खतरे को देखते हुये एन.एस.जी. सुरक्षा दी जाये। जहां राजनैतिक द्वेष हो, वहां न हटायी जाये। मैं इसके साथ यह बात भी जोड़ना चाहूंगी कि राजनैतिक द्वेष के चलते उत्तर प्रदेश सरकार ने एन.एस.जी. हटाने की पूरी कोशिश की लेकिन माननीय गृह मंत्री जी का शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसी भी एजेंसी की रिपोर्ट आने पर भी मेरी सिक्यूरिटी नहीं हटायी और एन.एस.जी. बरकरार रखी।

">

">सभापति महोदय,मेरे खिलाफ बदले की भावना के कारण क्षेत्र का डेवलेपमेंट कार्य नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के साथ अकबरपुर लोकसभा की सीट आती है जिसे १९९५ में डा. अम्बेडकर नगर के नाम से अलग जिला बना दिया गया है।

">

">यह अकबरपुर सीट अनुसूचित जाति के लिये सुरक्षित है। इस बार मैं अकबरपुर से चुनकर आयी हूं। मैं बदले की भावना का जिक्र इसलिये कर रही हूं कि जब मैं पिछली बार इसी निर्वाचन क्षेत्र लसे चुनकर आयी तो सासंद निधि का पैसा दूसरी बार इसलिये नहीं दिया गया क्योंकि डी.एम. ने स्पष्ट पत्र केन्द्र सरकार को नहीं भेजा जिसके कारण एक किश्त आयी लेकिन दूसरी किश्त नहीं मिली। यह सब प्रदेश सरकार के प्रभाव में किया गया ।

">

">सभापति महोदय, अकबरपुर में टांडा में थर्मल प्लांट है जो उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा चलाया जा रहा है। इसको एन.टी.पी.सी. को बेचने की कार्यवाही चल रही है। इसलिये मेरे क्षेत्र में बदले की भावना से यह सब कार्य किये जा रहे हैं। मेरी सिक्यूरिटी को डिस्टर्ब तो नहीं किया जा रहा लेकिन डेवलेपमेंट के कार्य मेरे क्षेत्र में रोके जा रहे हैं। जो लोग उस प्लांट में काम कर रहे हैं, वे कहां जायेंगे, किसान कहां जायेंगे। अकबरपुर पहले अपर ग्रेड रेलवे जंक्शन था जिसे लोअर ग्रेड का कर दिया गया है। इस प्रकार बदले की भावना से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह डिस्टर्बेंस की जा रही है। इस प्रकार मेरे क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार मेरे डेवलेपमेंट के कार्य में दखल दे रही है। इसलिये मैं माननीय गृहमंत्री जी के माध्यम से रिक्वैस्ट करूंगी कि कि आप जब भी निर्णय लें, कृपया इस मामले को देखें कि राजनैकित द्वेष के आधार पर राज्य सरकार से कोई लैटर रिकमेंड होकर न आये।

">

">मुझे माननीय मंत्री जी पर पूरा भरोसा है। अभी भी आप उत्तर प्रदेश की सरकार के इनफ्लूएंस में नहीं आए हैं । आपने बिल्कुल सही डिसीज़न लिया और आगे भी उन पोलिटीशियन्स के साथ भी, जैसे कुमारी जयललिता के बारे में मुझसे पूर्व सदस्य अपने ख्यालात रख रहे थे, उन्होंने भी ज़िक्र किया, ऐसे बहुत से पोलिटीशियन्स हैं जिनको असामाजिक तत्वों से खतरा है, आतंकवादियों से खतरा है, आप उनकी सिक्यूरिटी को डिस्टर्ब नहीं करेंगे। इन्हीं लफ्ज़ों के साथ आपने जो संशोधन विधेयक रखा है, उसका समर्थन करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

">

">श्री खारबेल स्वाइं (बालासोर) : एम.पी.एल.ए.डी.एस. में कलेक्टर हमारे प्रोजेक्टस को रेकमंड नहीं करता है इसलिए क्या हमें सिक्यूरिटी चाहिए?

">

">MR. CHAIRMAN : Please take your seat. We are not discussing MPLADS.

">श्री खारबेल स्वाइं : कलेक्टर ने स्कीम्स नहीं मानीं, इसलिए इनको भी सिक्यूरिटी चाहिए। कैसी बात कर रहे हैं?

">

">MR. CHAIRMAN : Shri Swain, please take your seat. We are not discussing MPLADS.

">SHRI KHARABELA SWAIN : It is very, very ridiculous.

">MR. CHAIRMAN: Please do not interrupt.

">यह डिस्कशन का सब्जेक्ट नहीं है।

">

">

... (व्यवधान)

">

">

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदय, माननीय गृह मंत्री जी जो संशोधन लाए हैं एस.पी.जी ऐक्ट में, यह बड़ा संक्षिप्त लेकिन संवेदनशील है। अपने बयान में इन्होंने सदन को कहा कि सदन सहमति दे तब अफसर, वीआईपी और एसपीजी और एनएसजी में कटौती की जाए और दावा किया है कि बड़ा रुपया इस पर खर्च होता है और अफसरों की भी संख्या सिक्यूरिटी में घटाई जाए। अब इसमें हम लोग कैसे साथ दें? इसमें हम लोग कब तक साथ दें और फिर कहीं कुछ गड़बड़ हो जाए तो कमीशन बैठ जाता है कि एस.पी.जी. हटाने से ही हत्या हुई। अपने देश में देखा गया कि महात्मा गांधी की हत्या हो गई। वे ऐसे व्यक्ति थे जो कहते थे कि दूसरे को नहीं मारो। सत्य, अहिंसा और प्रेम का संदेश उन्होंने दिया। उस व्यक्ति की हत्या हो गई। इसलिए जो कोई भी बड़े आदमी हों, भूतपूर्व हों या आदरणीय व्यक्ति हों, हम लोग नहीं कहेंगे कि ज्यादा खर्च हो रहा है, ज्यादा सिपाही उसमें लग रहे हैं इसलिए उसको हटाया जाए। कौन कमीशन फेस करेगा, हमारा भी नाम उसमें आ जाएगा। साल भर

कमीशन बैठता है इसलिए उस मामले में हम साथ नहीं देने वाले हैं कि ये कटौती करें कि बड़ा खर्च लग रहा है। जब विधि व्यवस्था चौपट रहती है अथवा आतंकवाद हो जाता है तो आतंकवादी किसी बड़े आदमी को नहीं खोजता है, वह पदधारी लोगों को खोजता है और सॉफ्ट टार्गेट देखता है। बड़े आदमी से नाराज़गी नहीं होती है फिर भी उसको खतरा करता है कि आतंक पैदा कर दें। आतंकवादी किसी कारण से हत्या नहीं करता है। इसलिए हम साथ नहीं देने वाले हैं कि एस.पी.जी., एन.एस.जी. में कटौती करें। हमें एक बात से ऐतराज़ है कि कभी-कभी जो निर्णय करने वाले हैं कि किनको सिक्यूरिटी दी जाए, वह अपने चहेते लोगों को सिक्यूरिटी दे देते हैं। कभी-कभी अपराधी लोगों को भी सिक्यूरिटी दे देते हैं जिसके लिए मैं खड़ा हुआ हूं। जो अपराधी है, जिस पर धारा ९५, ९६ या ३०२ लगी है, वह लोग भी छद्म वेश में वी.आई.पी. हो जाते हैं और वह लोग सिक्यूरिटी लेकर अपराध कराते हैं और उसी सिक्यूरिटी में कुछ अपराधी लोग भी वर्दी पहनकर शामिल हो जाते हैं और वोट में खड़े होकर बूथ लूटने का काम करते हैं। इस तरह से उसका दुरुपयोग होता है। सिक्यूरिटी हमारे देश का सर्वोच्च मामला है। सरकार की जिम्मेदारी है हर व्यक्ति की जान-माल की सुरक्षा करना। इसलिए देखने में ऐसा लगता है कि करोड़ों लोगों के लिए जो सिक्यूरिटी की व्यवस्था है और दो चार या सौ लोगों के लिए वी.आई.पी. की व्यवस्था है।

">

कुछ व्यक्तियों पर करोड़ों रुपये क्यों खर्च हों और करोड़ों लोगों पर कम खर्च क्यों हो, उनकी सिक्यूरिटी का क्या होगा। यह सुनने में प्राइमा फेसी खराब लगता है। लेकिन जो उच्च पदों पर हैं, जिन्हें थ्रैट परसैप्शन है, जान का खतरा है, उनकी सुरक्षा में कटौती मत कीजिए। हम लोग कमीशन के लिए तैयार नहीं हैं, उस कमीशन में हम लोगों का भी नाम आ जायेगा, कमीशन बहुत दिन तक चलता है। इसलिए सरकार को आजादी रहनी चाहिए कि वह अपने विवेक का प्रयोग करे और देखे कि किनको खतरा है और किनको नहीं है और सरकार इस बात का जरूर संयम बरते कि सिक्यूरिटी चहेतों को न दी जाए, क्रिमिनल्स को न दी जाए, जो क्रिमिनल रिकार्ड वाले हैं, बूथ छापने वाले हैं, उन्हें न दी जाए। वे सिक्यूरिटी की दस-दस गाड़ियां लेकर चलते हैं और यहां प्रार्थना करते हैं कि हमें अपनी जान का खतरा है और दूसरी तरफ अपराध करते हैं, बूथ लूटते हैं, अपहरण, फिरौती और न जाने क्या-क्या करते हैं। इसलिए हम प्रार्थना करेंगे कि बड़े और सम्माननीय लोग, जिन्हें थ्रैट परसैप्शन है, उन्हें एस.पी.जी., एन.एस.जी., साधारण पुलिस या दिल्ली पुलिस जो भी हो दे दें, जब तक विधि व्यवस्था में सुधार न हो। लेकिन उसमें चहेतों को पैरवी पर और सिक्यूरिटी को स्टेटस सिम्बल के रूप में जो लेते हैं, जो आडम्बर करते हैं और जो अपराधी किस्म के लोग हैं, छद्मवेश में अपनी जान का खतरा बताकर सिक्यूरिटी ले लेते हैं। मेरे पास इसका उदाहरण है और मैंने इस बारे मे पत्र भी लिखा है। इन्हीं बातों को कहने के लिए मैं यहां खड़ा हुआ हूं। इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

">

**श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : सभापति महोदय, हिंदुस्तान में श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या हुई, राजीव गांधी की हत्या हुई। इंदिरा गांधी जी की हत्या बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी।**

... (व्यवधान)
">

">श्री जी.एम.बनातवाला (पोन्नानी) : सर, आज इनका बर्थ डे है, मैं इन्हें मुबारकबाद देता हूं।

">

">श्री मोहन रावले : धन्यवाद। मैडम सोनिया गांधी जी का भी आज जन्म दिन है, मैं उन्हें भी अपनी शुभकामनाएं दे रहा हूं।

">

">श्री मणि शंकर अय्यर : आज मेरी बेटी का भी जन्म दिन है।

">

">श्री मोहन रावले : आपकी बेटी को भी शुभकामनाएं दे रहा हूं। यहां प्रमोद महाजन जी नहीं हैं, आज उनकी भी बेटी का जन्म दिन है।

... (व्यवधान)
">

">सभापति महोदय, लेकिन श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या इस देश के लिए एक कलंक है। हमारे घर में उन्हें मारा गया। 'चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाये, सावन जो आग लगाये तो उसे कौन बुझाये।' उन्हें घर के आदमी ने मार डाला, घर के आदमी को कौन रोक सकता है। यह बहुत दुखद बात है। लेकिन राजीव गांधी जी की हत्या हुई

">

">१५४८ बजे (डा. रघुवंश प्रसाद सिंह पीठासीन हुए)

">

">उसके पहले यहां अर्जुन सिंह जी ने मामला उठाया था, तब यहां पर बहस हुई थी। हमने उनका समर्थन किया था। उसमें कमियां भी थीं। लेकिन मैं उसके डीटेल में नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन वर्मा कमीशन की एक रिपोर्ट है -

">

">The Verma Commission examined the aspects relating to security lapse which led to Shri Rajiv Gandhi''s assassination.

